# अधीक्षक को तत्काल हटाया

जांच टीम मौके पर छात्रावास पहुंची, अनुभवहीन को सौंप दी अधीक्षक की जिम्मेदारी

नव भारत खबर का असर

**सिवनी नवभारत। विगत दिनों नवभारत समाचार पत्र ने छात्रावास अधीक्षक और चपरासी की मनमानी की खबर प्रकाशित की थी। 'तीन दिनों से छात्रावास के बच्चे भूखे जा रहे हैं स्कूल' शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। वहीं चपरासी पर छात्रावास में शराबखोरी आरोप को लेकर शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया था। खबर को संज्ञान में लेते हुए अधीक्षक को तत्काल हटा दिया गया है। जांच टीम ने जांच प्रारंभ भी कर दी है। विभाग ने देवी प्रसाद विश्वकर्मा को यहां का अधीक्षक बनाया है।**

बताया जाता है कि देवी प्रसाद विश्वकर्मा ज्यादा अनुभवशील नहीं है। क्योंकि इन्होंने कभी अधीक्षक का काम नहीं किया है इसके बाद भी विभाग ने ऐसे अधीक्षक को प्रभाव दिया है जो अनुभवशील नहीं है। जबकि छात्रावास में बच्चे बहुत ही परेशान है और यह छात्रावास पूरे जिले में इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है कि छात्रावास अधीक्षक को अगर प्रभार देना है तो अनुभवशील अधीक्षक को क्यों नहीं दिया जा रहा है वहीं जब नवभारत समाचार पत्र ने पूरे ग्रामीण में जनप्रतिनिधियों से लेकर छात्रावास के छात्राओं से जब जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि जगत सिंह धुर्वे का कार्यकाल बहुत अच्छा था जब तक वह यहां थे कभी कोई परेशानी नहीं हुई और सबसे अच्छी बात यह बताई गई की इनका निवास बादलपार था तो ज्यादा परेशानी नहीं थी क्योंकि घाटकोहका पास में ही है। इसके अलावा मीनू के अनुसार भोजन और नाश्ता दिया जाता था आज भी छात्रावास में रहने वाले छात्रों को जगत सिंह धुर्वे की कमी खल रही है। और इन छात्रों की मांग भी है कि अगर पुन: दोबारा इन्हें बनाया जाए तो बहुत अच्छा होगा क्योंकि हो सकता है की देवी प्रसाद विश्वकर्मा को ज्यादा अनुभव ना हो।




तीन दिनों से छात्रावास के बच्चे भूखे जा रहे हैं स्कूल

स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ : चपरासी पर छात्रावास में शराबखोरी के लग रहे है आरोप

छात्रावास अधीक्षक रात में क्यों नहीं रुकते

पूरे छात्रावास प्रांगण में गंदगी का आलम

इनका कहना है

# शौचालय में टायलेट क्लीनर के नाम पर 20 लाख की हेराफेरी!

**छपारा नवभारत।** छपारा में नगर परिषद द्वारा शौचालय की सफाई के लिए टायलेट क्लीनर खरीदी के नाम पर लगभग 20 लाख की राशि खर्च करने का सनसनीखेज़ मामला सामने आया है। मानसून विधानसभा सत्र 2025 के दौरान क्षेत्रीय और केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह द्वारा पूछे गए एक सवालों में में यह खुलासा हुआ।



विधायक ने सरकार से पूछा कि जब विगत वर्ष 2023 में नगर निकाय छपारा में कोई सुलभ शौचालय का निर्माण ही नहीं हुआ, तो फिर नगर परिषद द्वारा 20 लाख का भुगतान किस आधार पर किया गया? उन्होंने 2023 में टॉयलेट क्लीनर के नाम पर फर्जी बिल लगाकर 19,99,970 की राशि के गबन का आरोप लगाया।

नगर विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जी नहीं, नगर निकाय क्षेत्र में कोई भी सार्वजनिक सुलभ शौचालय तत्समय बने हुए हैं।

गौरतलब है कि छपारा नगर परिषद का गठन दिसंबर 2021 में हुआ था। इसके बाद 2022 में हुए चुनाव में पहले कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षद चुने गए थे। वहीं दूसरी ओर ज्ञात हो कि 13 वर्ष पूर्व छपारा ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता परिसर के नाम पर बैंनगंगा नदी पुल घाट पर सिर्फ एक शौचालय का निर्माण हुआ, जिसका सार्वजनिक उपयोग भी शुरू नहीं हो सका। परंतु जीर्णोद्धार के नाम पर समय-समय पर सुधार कार्य किए गए हैं।

अब यह सवाल उठ रहा है कि जब शौचालय का निर्माण ही नहीं हुआ, तो 20 लाख की राशि किसके लिए खर्च की गई? यह मामला उजागर होने के बाद से छपारा वासियों में काफी रोष है। वे सरकार से इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## विधायक रजनीश सिंह ने सरकार से मांगा जवाब




## बैठक संपन्न

सिवनी। गुरूवार को कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले में बाल संरक्षण, देख-रेख एवं कल्याण संबंधी योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। कलेक्टर सुश्री जैन ने बाल कल्याण समिति के दत्तक ग्रहण प्रकरणों की भी विस्तृत जानकारी लेकर जागरूक कराया।

# कोतवाली पुलिस ने पकड़ी 63 लीटर अवैध शराब

**सिवनी नवभारत।** जिले में अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एएसपी दीपक मिश्रा और सीएसपी पूजा पांडे के मार्गदर्शन में, 30 जुलाई, 2025 को पुलिस ने एक शराब तस्कर को 63 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।



पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध शराब की तस्करी कर रहा है। सूचना के आधार पर, थाना प्रभारी किशोर वामनकर ने एक टीम का गठन किया और सिमरिया मंडी के पास वाहनों की जाँच शुरू की। इस दौरान, नीले रंग की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल पर एक व्यक्ति दिखा, जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। टीम ने पीछा कर उसे सिमरिया बायपास के पास धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान जीवन उर्फ सतीश बघेल (35) निवासी सिमरिया मंडी के रूप में हुई है। उसकी मोटरसाइकिल से दो थैलों और एक बोरी में कुल 350 पाव सफेद देशी शराब बरामद हुई, जिसकी मात्रा 63 लीटर है। इस शराब की कीमत लगभग 28,000 है। इसके अलावा, पुलिस ने ?40,000 कीमत की मोटरसाइकिल भी जब्त की है। जब्त की गई कुल संपत्ति की कीमत 68,000 है।

जांच में पता चला है कि आरोपी जीवन उर्फ सतीश बघेल के खिलाफ पहले भी कोतवाली थाने में आबकारी अधिनियम के 6 और मारपीट के 4 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया है।

इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी किशोर वामनकर के साथ उनि दयाराम शरणागत, सउनि दिनेश रघुवंशी, आर. सुधीर डहेरिया, दिनेश हरदा, प्रेमशंकर मिश्रा, अमित रघुवंशी और अन्य थाना स्टाफ की अहम भूमिका रही।

## एक नजर में



### गहलोत भवन में हरियाली महोत्सव का हुआ आयोजन

सिवनी। सिवनी नगर के शास्त्री वार्ड बारापत्थर में स्थित गहलोत भवन मोहल्ला में महिला मंडल के तत्वावधान में हरियाली महोत्सव का भव्य आयोजन गहलोत भवन मोहल्ले में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। हरियाली महोत्सव में भजन संध्या, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, धार्मिक संवाद जैसे विविध आयोजन मुख्य आकर्षण रहे। पूरे कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, धार्मिक जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के अंत में भाग लेने वाली महिलाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया गया। समस्त आयोजन में भक्ति, उमंग और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे पूरे मोहल्ले में उत्सव का माहौल व्याप्त हो गया। सृष्टि का सुजन जगत पिता महादेव शिव जी एवं जगत जननी श्रावण तीज हमारे सनातन संस्कृति के त्योहारों में से एक प्रमुख त्योहार है. वेद एवं पुराणानुसार आदिशक्ति मां पार्वती के मिलन से ही आरंभ हुआ जिसमें महादेव जी को प्रमुख सुत्रधार माना गया है। इस दिवस युवतियां एवं महिलाएं सोलह श्रृंगार कर हरे, पीले एवं लाल वस्त्र धारण कर पूजन अर्चन करती हे भारत में इस दिवस को भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अपनी वस्त्र धारण कर मंगल गीत गाए जाते हैं और बगीचे एवं बागवानियों में झुले झुलती है एवं सारा दिन उत्सव मनाती हैं. लोक भाषा भिन्न-भिन्न नामों द्वारा जाना जाता है। श्रावण तीज के अवसर पर महिलाओं ने सभी को बधाई देते हुए विविध कार्यक्रम आयोजित किये।

### बीज उत्पादक सहकारी समितियों की कार्यशाला

सिवनी। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में जिला सहकारी संघ मर्यादित सिवनी के तत्वाधान में बीज उत्पादक सहकारी समितियों के सदस्यों की कार्यशाला बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित सालीवाड़ा में विगत दिनों संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्ही.के.बर्वे द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित सदस्यों को सहकारिता वर्ष पर आयोजित की गई कार्यशाला आयोजन का उद्देश्य एवं सहकारिता का जीवन में महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गयी। वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एवं कार्यक्रम अध्यक्ष एन.डी.कटरे द्वारा सहकारिता विभाग द्वारा सहकारी सदस्यों हेतु शासन की योजनाओं से प्राप्त होने वाले लाभ के संबंध में विस्तार पूर्वक आवश्यक जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राधेश्याम चन्द्रवंशी द्वारा सहकारिता की आवश्यकता एवं महत्व पर सूक्ष्मता से प्रकाश डालकर उपस्थित सदस्यों को आवश्यक जानकारी दी गई।आयोजित कार्यशाला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्ही.के.बर्वे प्राचार्य सहकारी प्रशिक्षण केंद्र जबलपुर, विशिष्ट अतिथि राधेश्याम चंद्रवंशी अध्यक्ष बीज सहकारी समिति मर्यादित सालीवाड़ा एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष एन.डी.कटरे (वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक) तथा जिले की समस्त बीज उत्पादक सहकारी समितियों के सदस्यों एवं संचालकों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुई।आयोजित कार्यशाला कार्यक्रम का संचालन जिला सहकारी संघ के प्रबंधक पी.के.सूर्यवंशी द्वारा किया गया।

# पुलिस ने की जुआं फड़ पर मारा छापा

सिवनी नवभारत। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के द्वारा अवैध गतिविधियों के नियंत्रण हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 31 जुलाई 2025 को मुखबिर से जुआं खेलने की सूचना प्राप्त होने पर अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति पूजा पाण्डे के द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली किशोर वामनकर को एक टीम का गठन कर मुखबिर सूचना पर कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया।

थाना प्रभारी कोतवाली ने पुलिस टीम को मुखबिर के बताये गये स्थान पर दविश हेतु भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा कटंगी नाका सिवनी में दो अलग अलग स्थानो पर दबिश देकर घेराबंदी कर जुआडीयो को पकडा गया जो ताश के पत्तों पर रूपये पैसों का दांव लगाकर हार जीत का मन्ना खेल खेलते मिले जिनकी तलाशी लेने पर उनके पास व फड से नगद राशि 6230/- रूपये का मशरूका जप्त किया गया। सभी 07 जुआंडियों के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 658/2025 एवं 659/2025 धारा 13 जुआं एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पकडे गये जुआंडी

मोहनलाल कोरी पिता रामप्रसाद कोरी निवासी कटंगी नाका, शैलेन्द्र यादव पिता लक्ष्मण यादव निवासी शहीद वार्ड, संजय यादव पिता चम्बूलाल यादव निवासी शहीद वार्ड, विजय यादव पिता महेश यादव निवासी विवेकानंद वार्ड, निलेश विश्वकर्मा पिता जगदीश विश्वकर्मा निवासी कटंगी नाका, लखनलाल पिता मुक्कू लाल मर्सकोले निवासी कटंगी नाका, विजय कुशवाहा पिता श्याम लाल कुशवाहा निवासी लडैया मोहल्ला

### कान्हीवाड़ा पुलिस ने भी जुआ फड़ में की रेड

31 जुलाई को थाना कान्हीवाड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम भोमा में जुआ फड़ चल रहा है जिसमें काफी लोग ताश के पत्तों पर हार जीत का दांव लगा रहे है। सूचना तस्दीक पर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रीतम सिंह तिलगाम के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर जुआ रेड कार्यवाही की गई जो घेराबंदी कर 05 जुआड़ियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई।

आरोपियों में संदीप पिता पूनाराम चंद्रवंशी उम्र 32 वर्ष निवासी भोमा, निर्मल पिता बडगू वरकड़े उम्र 32 वर्ष निवासी भोमा, सारिफ पिता जाहिद कुरैशी उम्र 38 वर्ष निवासी बाबाझिरिया भोमा, गोविन्द पिता राजकुमार चंद्रवंशी उम्र 29 वर्ष निवासी बाबाझिरिया भोमा थाना कान्हीवाड़ा, सुरेन्द्र पिता जगदीश भलावी उम्र 24 वर्ष निवासी भोमा थाना कान्हीवाड़ा, रवि पिता शेरू चंद्रवंशी उम्र 27 वर्ष निवासी भोमा थाना कान्हीवाड़ा संदेश पिता दिनेश रजक उम्र 32 वर्ष निवासी बाबाझिरिया भोमा थाना कान्हीवाड़ा में शामिल है।

# नवांकुर सखी हरियाली यात्रा पर्यावरण संरक्षण का अनूठा आयोजन




**घंसौर नवभारत।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् (योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मध्य प्रदेश शासन) विकासखंड घंसौर की ग्राम पंचायत भिलाई में गुरुवार 31 जुलाई को पर्यावरण संरक्षण हेतु नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का शुभारंभ किया गया सर्व प्रथम नवांकुर सखीयो के साथ हरियाली कलश यात्रा निकाल कर ग्राम भ्रमण कर यात्रा ग्राम पंचायत भवन पहुंची कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों द्वारा भारत मां के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजन अर्चन किया गया। इसके पश्चात् उपस्थित अतिथियों का फूल माला देकर स्वागत किया गया। स्वागत उपरान्त म.प्र. जन अभियान परिषद की ब्लाक समन्वयक श्रीमती मधुबाला चौरसिया द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के उद्देश्य के बारे में विस्तार पूर्वक बतलाया कि म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा विकास खंड घंसौर के प्रत्येक सेक्टर में पहले 110 नवांकुर सखीयो का चिन्हांकन किया इस तरह पांच सेक्टर में कुल 550 नवांकुर सखीयो का चिन्हांकन किया। नवांकुर सखी हरियाली यात्रा विकास खंड घंसौर में 24 जुलाई से शुरू हुई है। जो 29,30,31 जुलाई तक पांच सेक्टर में चलेगी जिसमें प्रत्येक सखी को पौधे दिये जायेगे। पौधौ को स्वैच्छिकता के भाव से सखीयो को लगाना एंव पौधों का संरक्षण करना है। अतिथि श्रीमति शांति उईके (आई सी डी एस) सुपरवाइजर, रोशनी सिंह (शिक्षक), द्रोपती उईके (शिक्षक) द्वारा अधिक पौधे लगाने एवं उनका संरक्षण कर पर्यावरण को बचाने के लिए कहा गया। सभी नवांकुर सखीयो को हरियाली यात्रा की शुभकामनाएं दी एवं उपस्थित सभी ग्रामीण जन एवं माता बहिनों को पौधें लगाकर पर्यावरण को बचाने हेतु आग्रह किया। अतिथियों द्वारा नवांकुर सखीयो को पौधा एवं बीज वाली पन्नी वितरण किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था सृजन सेवा समिति ईश्वरपुर एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# सीएमओ गीता वाल्मिक ने किया बस स्टैंड परिसर का निरीक्षण

बस स्टैंड सुलभ शौचालय का भी लिया जायजा

छपारा नवभारत। 31 जुलाई को शाम लगभग 6:30 बजे छपारा नगर परिषद सीएमओ प्रभारी गीता वाल्मीक एवं छपारा पटवारी बृजेश रजक ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लखनादौन रवि कुमार सिहाग के निर्देशानुसार नगर के बस स्टैंड परिसर स्थित ग्राम पंचायत के कार्यकाल के समय से पूर्व के दूकान को लेकर विवाद जिसका प्रकरण एसडीएम न्यायालय में विचाराधीन है मौका निरिक्षण किया एवं पंचनामा कार्यवाही की गई



वहीं नवागत नगर परिषद छपारा की अतिरिक्त प्रभार संभाल रही गीता वाल्मिक ने नगर के बस स्टैंड परिसर स्थित वर्षों पूर्व बने जीर्ण-शीर्ण हालत में पहुंच चुके सुलभ शौचालय का भी निरिक्षण किया सीएमओ वाल्मिक ने मौके पर उपस्थित उपयंत्री दीपक उईके एवं परिषद कर्मचारी को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए मिली जानकारी के अनुसार नगर परिषद छपारा द्वारा नगर के बस स्टैंड परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय कांप्लेक्स में 30 वर्ष पुराने सार्वजनिक सुलभ शौचालय की जगह नवीन सुलभ शौचालय निर्माण कार्य करने के लिए विचार कर रही है।

## 725.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

सिवनी। भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 31 जुलाई 25 तक 725.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

आयोजन | दो दिवसीय जिला शतरंज प्रतियोगिता का समापन

# बच्चों ने खेला शह और मात का खेल, दिखाई काबिलियत

**सिवनी नवभारत।** जिला स्तरीय शालेय शतरंज, बालक बालिका प्रतियोगिता मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में सिवनी, बरघाट एवं केवलारी के 14 वर्ष ,17 वर्ष, 19 वर्ष, बालक 173,बालिका 63 ने सहभागिता दी है।

शतरंज प्रतियोगिता में बालक वर्ग के 6 राउंड खेले गए ,इसी प्रकार से बालिकाओं में पांच राउंड खेले गए, इसके बाद प्रत्येक ग्रुप के लिए वरीयताक्रम से 5-5 खिलाड़ियों को संभागीय प्रतियोगिता हेतु चयनित किया गया है, मनीष मिश्रा व्यायाम शिक्षक में बताया कि जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जैसी थॉमस मैडम जनक कुमार तिवारी डायरेक्टर मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल सिवनी शाला की प्राचार्य डॉ श्रीमती वंदना तिवारी , देवेंद्र ठाकुर, आरजी नामदेव, सुनील मर्सकोले संतोष चौबे ,के अलावा अन्य व्यायाम निर्देशक की उपस्थिति में यह प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिला शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल में लगातार कई वर्षों से आयोजित किया जा रहा है, यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय नियमानुसार ही बच्चों के द्वारा खेली गई है।






इस प्रतियोगिता के आर्बिटर आर जी नामदेव अतुल कुमार श्रीवास्तव राजवीर ठाकुर, शिवांश गुप्ता ,नाविक डहेरिया पूर्णिमा डहेरिया इत्यादि ऑफिशल्स ने निर्णय की भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी संभागीय शतरंज प्रतियोगिता मंडला में सम्मिलित होंगे। इस प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मनीष मिश्रा व्यायाम शिक्षक श्रीमती मीनाक्षी मेश्राम अरविंद चंद्रवंशी योगेश पाठक प्रेम श्रीवास्तव अनिल सिंह परमार कोमल कश्यप , सोहन सेन आशीष तिवारी आशीष दीक्षित आशुतोष शुक्ला आकाश सोनी निषाद खान शेखर चौधरी अनिल राजपूत मनीष कमलेश के अलावा मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा। इस प्रतियोगिता में चयनित शतरंज खिलाड़ी छात्राओं को जिला शिक्षा अधिकारी , जिला खेल अधिकारी महोदय एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों के द्वारा आगामी प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

नवजीवन हेल्थ एवं स्किन केयर क्लीनिक
त्वचा रोग एवं सौंदर्य स्पेशलिस्ट
डॉ. नीलेश वर्मा
(B.E.H.M.S., Laser & Comotology (Pune)
Reg.No.BE/05/01186
(M) 9669180336
कटंगी रोड, बॉयपास चौक, सिवनी (म.प्र.)

बनिए LIC में बीमा सखी
3 साल के लिए मासिक वेतन प्राप्त करें
7,000 1 st year + Commission
6, 000 2nd year + Commission
5,000 3rd year + Commission
योग्यता : 10 वीं पास
Flexible Work Timings
Be Your Own Boss
Unlimited Income Potential
Apply Now
रामनंदन बघेल
मुख्य जीवन बीमा सलाहकार
जिला-सिवनी (म.प्र.)
मो. 8963906829, 9479988821

राजराशि मैरिज लॉन
शादी, विवाह, पार्टी,जन्मदिन आदि शुभ अवसरों पर सर्वसुविधायुक्त व्यवस्था हेतु पधारें
पता: छिंदवाड़ा रोड, बाईपास के पास सिवनी, संपर्क सूत्र: 9425175755

पैसा ठीक होने के बाद
जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
शादी के पहले एवं शादी के बाद की कमजोरी, उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, टाइमिंग की कमी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का टेढ़ापन छोटापन, नि:संतानता, शिथिलता, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का सफल इलाज किया जाता है
सिवनी में मिलें हर मंगलवार व बुधवार प्राइवेट बस स्टेण्ड बैनगंगा काम्पलेक्स, शाप नं.-63, सिवनी
बालाघाट में मिलें हर शनिवार व रविवार गुरूनानक पेट्रोल पम्प के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट
9243880464,7879453857